सुंदर सुजान कृपा निधान अनाथ पर कर प्रीती जो।❊
सो एक राम अकाम हित निर्बान प्रद सम आन को।।
जाकी कृपा लवलेश ते मतिमंद तुलसीदासहूँ।
पायो परम बिश्रामु राम समान प्रभु नाहीं कहूँ।।

|| Ram Katha 968 – ❊मानस परम विश्राम || Jabalpur || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 149 | इंदौर, शनिवार 13 दिसंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

**कोहरे का कहर!**

## NCR के 6 लेन एक्सप्रेस-वे पर टकराईं 12 गाड़ियां, कई जख्मी, लगा भीषण जाम...

**ग्रेटर नोएडा.** उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा ईस्टर्न पेरीफेरल हाईवे पर घने कोहरे की वजह से करीब 12 वाहन एक के बाद एक आपस में टकरा गए. जिससे कई लोग घायल हो गए. सूचना लगते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और क्षतिग्रस्त वाहनों को हाईवे से किनारे कराया और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया.

मामला बंबावड़ बादलपुर थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है. हादसे का वीडियो भी सामने आया है. जिसमें देखा जा सकता है कि कई कार और ट्रक एक दूसरे से भिड़े हुए हैं. जबकि मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी दुर्घटनाग्रस्त कार और ट्रक को हटवा रहे हैं.

पुलिस ने बताया कि घने कोहरे के चलते वाहनों के ड्राइवरों को देखने में परेशान हो रही थी. ऐसे में एक के बाद एक करीब दर्जन वाहन आपस में टकरा गए. जिससे कई लोग घायल हो गए. जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है. वहीं, हादसे में घायल एक ड्राइवर ने बताया कि कोहरा घना था. ऐसे में उसे कुछ दिख नहीं रहा था.



### ग्रामीण हाट बाजार में तीन दिवसीय श्रीअन्न फूड फेस्टिवल एवं जैविक महोत्सव का हुआ शुभारंभ

# श्रीअन्न के प्रति जन जागरुकता हेतु निकाली गई भव्य रैली

● **प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से जैविक उत्पादों की लगाई गई है प्रदर्शनी**




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

ग्रामीण हाट बाजार ढक्कन वाला कुंआ इंदौर में श्रीअन्न (मिलेट्स) फूड फेस्टिवल का शुभारंभ किया गया। यह महोत्सव 12 दिसम्बर से 14 दिसम्बर तक चलेगा। इसके पूर्व पूर्वान्ह में श्रीअन्न (मिलेट्स) के प्रति नागरिकों में जागरुकता बढ़ाने के उददेश्य से रीगल चौराहे से ग्रामीण हाट बाजार तक मिलेट्स जागरूकता रैली का भव्य आयोजन किया गया। यह रैली रीगल चौराहे से प्रारंभ होकर आरएनटी मार्ग होते हुये जैविक महोत्सव एवं कार्यक्रम स्थल ग्रामीण हाट बाजार ढक्कन वाला कुंआ इंदौर पर पहुंची। जहां पर रोड शो का समापन किया गया और यहीं पर मिलेट्स जैविक महोत्सव का शुभारंभ श्री महामण्डलेश्वर द्वारा किया गया।

श्रीअन्न (मिलेट) फूड फेस्टिवल का आयोजन शहरी उपभोक्ताओं में मिलेट्स के प्रति रुचि बढाने एवं उपभोग बढाने, स्वास्थ्य के प्रति लोगों में जागरूकता बढाने, मिलेट्स के उपयोग से किस तरह निरोगी रहा जा सकता है, इन सारी चीजों का समायोजन श्रीअन्न (मिलेट) फूड फेस्टिवल एवं जैविक महोत्सव में किया जा रहा है। यहां प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से जैविक उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई है। साथ ही साथ एक मिलेट्स व्यंजनों के स्टॉल लगाये गये हैं। जिनमें मिलेट्स से तैयार किये गये व्यंजन हैं, जिनका स्वाद शहरवासी ले सकते हैं। यह प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से रात्रि 9.30 बजे तक खुला रहेगा।

कार्यक्रम के शुभांरभ में उपाध्यक्ष जिला पंचायत भारत सिंह पटेल, पूर्व भूमि विकास बैंक अध्यक्ष कंचन सिंह चौहान, श्रीमती जनक पलटा, प्रांताध्यक्ष किसान संघ महेश चौधरी, मालवा प्रांत अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पटेल, राजेन्द्र पाटीदार, घनश्याम पाटीदार, वरदराज मण्डलोई, उप संचालक कृषि सी.एल. केवडा, आत्मा परियोजना की श्रीमती शर्ली थामस, श्रीमती रश्मि प्रचंड, संदीप यादव, विजय जाट, सहायक संचालक कृषि डी. एस वर्मा, अनुविभागीय कृषि अधिकारी एस.आर. एस्के, राहुल मालवीय, जितेन्द्र पाटीदार, आनंद ठाकुर, सी.एल. मालवीय कृषि विकास अधिकारी आदि मंच पर उपस्थित थे। मंच संचालन वैशाली मालयीन द्वारा किया गया।

### महोत्सव में आए जैविक उत्पादकों के कथन

जैविक महोत्सव में नीमच जिले से आए जैविक कृषक भागीरथ नागदा ने बताया कि वे अश्वगंधा, कलौंजी, अकरकरा, गेहूँ एवं धनिया सहित विभिन्न फसलों का पूर्णतः जैविक एवं प्राकृतिक विधि से उत्पादन कर रहे हैं। वे पिछले लगभग छह वर्षों से प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। उन्होंने प्रदर्शनी में अश्वगंधा पाउडर प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह शुद्धतः आर्गेनिक है तथा इसका परिणाम अत्यंत उत्तम प्राप्त हो रहा है। खुड़ैल खुर्द से अपनी जैविक उत्पादित सब्जियाँ एवं फसलें लेकर आए श्री अजय सिंह चौहान ने जानकारी दी कि वे हरी मिर्च, अरहर, बैंगन, टमाटर सहित विभिन्न प्रकार की जैविक सब्जियों का उत्पादन करते हैं तथा इन्हीं उत्पादों के साथ वे जैविक महोत्सव में सहभागी बने हैं। उन्होंने बताया कि सब्जियों के अतिरिक्त वे जैविक पद्धति से तैयार किया गया शुद्ध मक्के का आटा, सरबती गेहूँ का आटा एवं अन्य कृषि उत्पाद भी लेकर आए हैं।

श्री चौहान ने कहा कि उनके समस्त उत्पाद पूर्णतः रसायनमुक्त एवं प्राकृतिक विधि से तैयार किए गए हैं, जिससे उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण और पोषक सामग्री प्राप्त होती है।

जैविक महोत्सव में अपनी स्टॉल लगाये रूद्र सजीव प्राकृतिक फार्म के नवीन पटेल ने बताया कि वे कीटनाशक, केचुआ खाद, वर्मी कम्पोज्ड खाद आदि प्राकृतिक एवं जैविक तरीके से तैयार करते हैं, जो फसलों के लिए बहुत ही उपयोगी है।

## सांवेर में मंत्री श्री सिलावट ने 8 पेयजल टेंकरों का किया वितरण

इंदौर। **जनपद पंचायत सांवेर में शुक्रवार को जल संकट समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए प्रदेश के जल संसाधन मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक तुलसीराम सिलावट ने 8 पेयजल टेंकरों का वितरण किया।**

मंत्री श्री सिलावट ने जानकारी देते हुए बताया कि ये टेंकर सांवेर जनपद के ग्राम पंचायत सिमरोड, कांकरिया बोडिया, बालोदा टाकुन, रिंगनोदिया, हरियाखेड़ी, गुलावट तथा नगर परिषद सांवेर के लिए उपलब्ध कराए गए हैं। नगर परिषद सांवेर में दो टेंकर दिए गए हैं, जबकि शेष ग्राम पंचायतों में आवश्यकता के अनुसार एक–एक टेंकर वितरित किया गया है।

मंत्री सिलावट ने स्वयं ट्रैक्टर पर चढ़कर पेयजल टेंकरों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है और टेंकरों के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों को समय पर पानी उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी गांव में पेयजल संकट न उत्पन्न होने पाए।

**कटाक्ष**




# खाद्य सुरक्षा अधिकारी परीक्षा 14 दिसम्बर को

**शहर के 44 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 17 हजार 72 परीक्षार्थी शामिल होंगे**




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा आयोजित खाद्य सुरक्षा अधिकारी परीक्षा 2025 की तैयारियों को लेकर संभागायुक्त कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संयुक्त आयुक्त विकास डी. एस. रणदा ने की। बैठक में बताया गया कि उक्त परीक्षा को सफलतापूर्वक संचालन हेतु इंदौर शहर में कुल 44 परीक्षा केन्द्र बनाये गए है, जहाँ कुल 17 हजार 72 परिक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा 14 दिसम्बर को दोपहर 12 से 3 बजे तक सम्पन्न होगी।

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी परीक्षा 2025 के संचालन का सम्पूर्ण प्रभार संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े को सौंपा है और उन्हें परीक्षा समन्वयक अधिकारी नियुक्त किया है। संयुक्त आयुक्त डी. एस. रणदा को सह प्रभारी परीक्षा अधिकारी एवं प्रो. डी. के. गुप्ता को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। बैठक में खाद्य सुरक्षा अधिकारी परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष एवं परीक्षा अधिकारी शामिल हुए।

बैठक में प्रभारी परीक्षा अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि परिक्षार्थियों को 11.15 बजे से ही प्रवेश दिया जाए। किसी भी परिक्षार्थियों को 11.45 बजे के बाद प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाए। परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व परीक्षार्थियों को वहीं सेट प्रदान किया जाए जो उसके लिए निर्धारित है। परीक्षा के दौरान पर्यवेक्षकों को मोबाईल रखना प्रतिबंधित है। नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए गए कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर पेयजल की समुचित व्यवस्था की जाए। साथ ही सभी परीक्षा केन्द्रों पर स्वास्थ्य व्यवस्था हेतु मेडिकल टीम सहित डॉक्टर आदि की व्यवस्था हो। परिक्षार्थियों को अपना ई-प्रवेश पत्र, वैध पहचान पत्र, गोले बनाने हेतु निर्धारित स्याही का पेन, पानी की पारदर्शी बाटल की अनुमति रहेगी। दिव्यांगजन अभ्यर्थियों को सहलेखन लेने पर एक घंटे का अतिरिक्त समय मिलेगा।

### परीक्षा केन्द्रों पर निम्न वस्तुएं रहेगी प्रतिबंधित

स्टेशनरी संबंधी सामग्री जैसे:- पेंसिल, रबर (इरेजर) वहाइटनर, स्केल, बैग्स, पठन सामग्री । आई.टी. गैजेट्स व इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे:- मोबाइल फोन, पेनड्राइव, केल्कुलेटर, ब्लूटूथ, हैंडफ्री, डिजिटल घड़ी, स्मार्ट घड़ी, एनालॉग घड़ी, कोई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या अन्य कोई ऐसे उपकरण जो संचार उपकरण के रूप में उपयोग किए जाते है प्रतिबंधित रहेंगे। साथ ही एससेरीज जैसे:- बालों को बांधने वाले क्लचर / बक्कल, हाथ के बैड/हाथ में पहने जाने वाले मैटैलिक बैंड / चमडे के बैंड, कमर में पहने जाने वाले बैल्ट, कफलींक धूप का चश्मा पर्स / वॉलेट, टोपी। अन्य वस्तुएँ जैसे- चाबी, लाइटर्स / माचिस बॉक्स, किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र, शार्पनर ब्लेड तथा अन्य कोई कीमती सामान प्रतिबंधित रहेंगे। परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में जूते-मोजे पहनकर प्रवेश निषिद्ध रहेगा।

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 149 | इंदौर, शनिवार 13 दिसंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## 5 लाख में दी माता-पिता की हत्या की सुपारी

● दोस्तों के साथ रची साजिश, पिता-नौकरानी की मौत, मां गंभीर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**अनूपपुर, एजेंसी।** अनूपपुर के दोहरे हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। जांच में सामने आया कि मृतक राजेंद्र उर्फ बबलू पटेल के 18 वर्षीय बेटे आलोक उर्फ सूरज पटेल ने ही पिता और सौतेली मां की हत्या की साजिश रची थी। बेटे आलोक पटेल और मृतक राजेंद्र पटेल का जॉइंट अकाउंट था। उसने इसी अकाउंट से 5 लाख रुपए में अपने दो नाबालिग दोस्तों को सुपारी दी थी। पुलिस ने आलोक सहित दो नाबालिगों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो आरोपी अब भी फरार हैं। आरोपी आलोक पटेल ने घटना के बाद पुलिस को दिए बयान में कहा था कि वह घटना के दौरान खेत जोतने के लिए रात में चला गया था। पुलिस के मुताबिक वह गुमराह कर रहा था। वह अन्य आरोपियों के साथ ही हत्या वाली रात मौजूद था। उसने सीमा बैगा पर प्रहार करते हुए उसे मौत के घाट उतारा था। राजेंद्र पटेल ने पहली पत्नी पार्वती को छोड़कर रूपा पटेल से दूसरी शादी की थी। पहली पत्नी के बेटे आलोक का आरोप था कि पिता और सौतेली मां बचपन से उसके साथ भेदभाव करते थे। परिजन अक्सर उसे डांटते और यह कहते थे कि जमीन-जायदाद छोटे बेटे आयुष के नाम होगी। इसी नाराजगी ने उसके मन में गुस्सा भर दिया था। 25 नवंबर को 18वें जन्मदिन पर पिता ने दोस्तों संग बाहर जाने पर आलोक को डांटा और थप्पड़ भी मारा। इससे नाराज होकर उसने अपने 16 वर्षीय दोस्त से संपर्क किया और पिता-सौतेली मां की हत्या के लिए लड़के तलाशने को कहा।

## बेटे को बदमाशों ने पीटा पिता को आया हार्टअटैक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी।** ग्वालियर में बेटे को गंभीर हालत में देखकर पिता को हार्ट अटैक आ गया। उनकी मौत हो गई। बेटे को सड़क पर खड़े होने के विवाद में कार सवार बदमाशों ने बेरहमी से पीटा था। वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। मारपीट की घटना गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात करीब 2 बजे हुरावली रोड पर हुई। पीड़ित हरज्ञान चौहान अपने कुछ साथियों के साथ वहां खड़ा था। तभी एक कार में सवार कुछ बदमाश आए और सड़क पर खड़े होने को लेकर उनसे विवाद करने लगे। कहासुनी बढ़ने पर बदमाशों ने लाठी-डंडों से हरज्ञान पर हमला कर दिया। हरज्ञान की पिटाई करने के बाद वहां से भाग गए।

मोहन सरकार के दो साल

# दो वर्षों में मिले छह लाख जॉब, तीन साल में 20 लाख को मिलेगी नौकरियां

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मोहन सरकार अपने दो वर्ष पूरे कर चुकी है और अब शेष तीन वर्षों के लिए सरकार ने विस्तृत रोडमैप तैयार कर लिया है। सरकार ने साफ किया है कि आने वाले वर्षों में उसका मुख्य फोकस रोजगार, शहरी विकास, इंफ्रास्ट्रक्चर, और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर रहेगा। इन सेक्टरों को राज्य के विकास के लिए निर्णायक माना जा रहा है।**

राज्य सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती नए रोजगार अवसरों का सृजन है- चाहे सरकारी क्षेत्र हो या निजी क्षेत्र। सरकार ने आगामी तीन वर्षों में 20 लाख युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य तय किया है। विभागों में खाली पड़े पदों को भरने की प्रक्रिया तेज की जा रही है और कई विभागों में भर्ती संबंधी विज्ञप्तियां भी जारी हो चुकी हैं। सरकार का दावा है कि पिछले दो वर्षों में 6 लाख लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। स्वरोजगार योजनाओं को भी बढ़ावा दिया जाएगा और 30,000 नए उद्यमियों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित करने की योजना है।



### 38 शहरों का नया जीआईएस मास्टर प्लान

टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग द्वारा प्रदेश के 38 शहरों के जीआईएस आधारित मास्टर प्लान तैयार किए जाएंगे। साथ ही महानगर क्षेत्र कानून लागू किया जाएगा। टीडीआर पोर्टल का विस्तार, टीओडी नीति का क्रियान्वयन और सिंहस्थ 2028 के लिए एकीकृत मास्टर प्लान आधारित विकास किया जाएगा। डीपीडीपी कानून के अनुरूप विभागीय पोर्टल का आधुनिकीकरण किया जाएगा। नक्शाविहीन गांवों का डिजिटलीकरण, भू-अर्जन प्रक्रियाओं को एंड-टू-एंड ऑनलाइन करने और नई आबादी की भूमि का चिन्हांकन भी योजना का हिस्सा है। विश्वास-आधारित डायवर्जन प्रक्रिया भी लागू की जाएगी।

### जनजातीय विकासखंड में सांदीपनि स्कूल

हर जनजातीय विकासखंड में सांदीपनि स्कूल, एकलव्य विद्यालय, माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर और बालक आदर्श आवासीय विद्यालय की स्थापना की योजना है, जिससे आदिवासी क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का दायरा बढ़ेगा।

### जल जीवन मिशन- लक्ष्य से पहले पूरा करने का दावा

प्रदेश सरकार का कहना है कि केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन की समयसीमा दिसंबर 2028 तय की है, लेकिन मध्य प्रदेश इसे मार्च 2027 तक पूरा कर देश में मिसाल पेश करेगा। मिशन के संचालन और संधारण के लिए मजबूत व्यवस्था तैयार की जाएगी, ताकि जल आपूर्ति किसी भी परिस्थिति में बाधित न हो।

### किसानों की आय बढ़ाने पर सरकार का फोकस

मोहन सरकार ने दो वर्ष में किसानों की आय बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं। इसमें एमएसपी पर खरीदी का दायरा बढ़ाया, ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई को बढ़ावा, फसल विविधीकरण नीति लागू करना और ई-उपार्जन और डिजिटल भुगतान व्यवस्था को मजबूत किया किया गया है।

पूर्व पार्षद समेत सभी को चेतावनी

# नगर निगम ने राजवाड़ा पर लगाई बकायादारों की लिस्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नगर निगम का राजस्व अभियान तेज हो गया है। नगर निगम टीम ने शुक्रवार को बड़े बकायादारों की लिस्ट राजवाड़ा पर लगा दी। बकायादारों के नाम फ्लेक्स पर छपवाए और ये फ्लेक्स राजवाड़ा पर लगा दिया। ये सभी नाम जोन 3 के बकायादारों के है। इसमें लगभग 60-65 नाम है।**




जिन लोगों की लिस्ट नगर निगम ने सार्वजनिक की है, उन्होंने कई सालों से टैक्स जमा नहीं किया है कई बार नोटिस भी दिए, बावजूद इसके उन्होंने इसे गंभीरता से नहीं लिया और ना ही टैक्स की राशि जमा करवाई। जोन 3 के एआरओ अनिल निकम ने बताया कि, जोन 3 में 60 बड़े बकायादार है। जिन्हें बार-बार नोटिस दिए जा चुके है। इनके द्वारा अभी तक पेमेंट जमा नहीं किया गया है। नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव के निर्देशन में वार्ड 56, 57 और 58 में जितने बड़े बकायादार है उनके नामों की सूची को सार्वजनिक किया गया है। ताकि वे कल नेशनल लोक अदालत में आए और संपत्तिकर और जलकर के सरचार्ज में मिलने वाली छूट का फायदा उठाकर बकाया टैक्स भर सके। ये उन लोगों की लिस्ट है, जिन्होंने करीब 5 सालों से अपना संपत्तिकर जमा नहीं किया है। इसमें से दो लोगों ने चेक दिए और कहां भी है कि हमारा नाम सार्वजनिक ना करें। हम टैक्स भरने को तैयार है। उन्होंने बताया कि पूर्व पार्षद अनवर कादरी और उसकी पत्नी जुलेखा बी का नाम भी लिस्ट में है। लिस्ट के मुताबिक 3 लाख 66 हजार 622 रुपए का टैक्स बकाया है। ये जानकारी भी सामने आई है कि उन्होंने निगम अधिकारियों से टैक्स जमा करने की बात कही है। वहीं जोन 3 के जोनल अधिकारी राज ठाकुर ने बताया कि 13 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन नगर निगम में हो रहा है। इसमें संपत्तिकर और जलकर के सरचार्ज में छूट दी जा रही है। आज जोन 3 के बड़े बकायादारों की लिस्ट सार्वजनिक की गई है। लगभग 1 लाख रुपए के ऊपर की राशि के बकायादार है, जिन्होंने काफी समय से टैक्स नहीं भरा है, तो नई मुहिम के रूप में ये सूची सार्वजनिक की गई है। ये सूची वर्ष के अनुसार लगाई है। अगर इनके द्वारा टैक्स की राशि जमा नहीं की जाती है तो आगामी समय में कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

# नकली नोट प्रकरण में चार गिरफ्तार

### इंस्टाग्राम पर वीडियो देखा और 50 हजार देकर 2 लाख के नकली नोट मंगवाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंस्टाग्राम पर रील देखकर नकली नोट मंगवाने वाले चार आरोपियों को इंदौर क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। चारों आरोपी दोस्त हैं और वे नकली नोट खपाने का बड़ा मार्केट बनाने की





फिराक में थे। आरोपियों ने क्राइम ब्रांच को बताया कि नोट भेजने वाले ने खुद को गुजरात का बताया था। क्राइम ब्रांच उस आरोपी की तलाश कर रही है।क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि मुताबिक आरोपियों ने दो लाख रुपए के नकली नोटों की कीमत के रूप में 50 हजार रुपए चुकाए थे। वे इंस्टाग्राम पर रील देखकर शॉर्टकट में अमीर बनना चाहते थे। उनके कब्जे से दो लाख रुपए के नकली नोट, दो बाइक जब्त की गई है। दंडोतिया ने बताया कि गुरुवार रात को हमें सूचना मिली थी कि सदर बाजार क्षेत्र स्थित गुटकेश्वर महादेव मंदिर के नजदीक दो चार युवकों के पास नकली नोट हैं। सूचना मिलते ही क्राइम ब्रांच ने उन्हें घेराबंदी कर पकड़ा। बैग की तलाशी लेने पर 500 रुपए के 400 नकली नोट बरामद किए गए। पूछताछ में चार आरोपियों ऋषिकेश तोण्डे, वंश कैथवास, रितेश नागर और अंकुश यादव निवासी इंदौर को गिरफ्तार किया है। ये चारों दोस्त हैं। इन्होंने पूछताछ में बताया कि इंस्टाग्राम पर हमने एक युवक का वीडियो देखा था। हमने फोन नंबर लेकर बात की तो उसने खुद को गुजरात का होना बताया। चारों ने ज्यादा पैसा कमाने के चक्कर में 50 हजार रुपए देकर पांच सौ रुपए के दो लाख रुपए के नोट मंगा लिए। इसके बाद ही वे धरे गए।

### महिला मित्र के साथ धमकी दी थी

## युवती के सुसाइड मामले में प्रेमी पर एफआईआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। हीरानगर क्षेत्र में किराए के कमरे में रहने वाली प्रियांशी राव की आत्महत्या मामले में पुलिस ने जांच के बाद उसके प्रेमी और उसकी महिला मित्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। प्रियांशी का शव उसके कमरे में फंदे पर लटका मिला था।**



मोबाइल जांच में पुलिस को उसके लिव-इन पार्टनर की महिला मित्र के साथ धमकी भरी वॉट्सऐप चैट मिली थी। इसके आधार पर पुलिस ने दोनों को आरोपी बनाते हुए गुरुवार को मामला दर्ज किया। टीआई सुशील पटेल के अनुसार, मेघदूत नगर की रहने वाली 19 वर्षीय प्रियांशी, पुत्री धर्मेंद्र राव ने 24 नवंबर को आत्महत्या की थी। जांच में पता चला कि वह पहले नवीन गौर के साथ लिव-इन में रहती थी। घटना के समय नवीन होशंगाबाद में था। पूछताछ में नवीन ने बताया कि वह और प्रियांशी पहले स्कीम नंबर 54 में साथ रहते थे और दोनों के बीच प्रेम संबंध थे। लेकिन नवीन की बातचीत भूमि नामक युवती से भी होती थी। इसकी जानकारी प्रियांशी को थी, जिसके कारण दोनों के बीच कई बार विवाद हुआ। प्रियांशी और भूमि के बीच वॉट्सऐप पर कहासुनी भी हुई थी। इसी मानसिक दबाव के चलते प्रियांशी ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने नवीन पुत्र नारायण गौर निवासी होशंगाबाद और भूमि दोनों को आरोपी बनाया है। प्रियांशी मूलतः देवास जिले के बरोठा गांव की रहने वाली थी। इंदौर में वह पढ़ाई के साथ नवीन और अन्य साथियों के साथ एक कैफे भी संचालित करती थी। प्रियांशी किसान परिवार से थी। उसकी दो बहनें हैं, एक माता-पिता के साथ रहती है और दूसरी भोपाल में पढ़ाई करती है। आत्महत्या से पहले प्रियांशी डिप्रेशन में थी और रिश्तेदारों की मदद से एक सप्ताह पहले ही नवीन से अलग होकर नया कमरा ले लिया था। उसी दौरान नवीन होशंगाबाद चला गया था और प्रियांशी व भूमि के बीच विवाद हुआ था।

## निजी कंपनी के कर्मचारी ने की आत्महत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** आजाद नगर में एक निजी कंपनी में काम करने वाले युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है। मृतक की पहचान रवि (22) पुत्र सुखराम सेंगर, निवासी पालदा पवनपुरी के रूप में हुई है। गुरुवार रात करीब 11 बजे आसपास के लोगों ने उसे फंदे पर लटका देखा और रिश्तेदार करण को सूचना दी। मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार, रवि मूल रूप से टांडा का रहने वाला था और करीब डेढ़ साल पहले काम के सिलसिले में इंदौर आया था। वह अपने भाई अजय के साथ किराए से रहता था। दो दिन पहले अजय माता-पिता से मिलने गांव गया था। गुरुवार को काम से लौटने के बाद रवि कमरे से बाहर नहीं निकला था। रवि किसान परिवार से था। उसके परिवार में तीन भाई और एक बहन हैं। पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है।

## होस्टल संचालिका के घर चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। पलासिया क्षेत्र में एक होस्टल संचालिका के घर 10 दिन पहले हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पलासिया पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से चोरी गया माल भी बरामद कर लिया गया है। आरोपी का पीछा करते हुए पुलिस खजराना तक पहुंची और सुराग के आधार पर उसे महाराष्ट्र से पकड़ा। आरोपी कई सालों से इंदौर में ही रह रहा था।**

टीआई सुरेंद्र रघुवंशी की टीम ने गीता अपार्टमेंट में रहने वाली उषा कदम के घर हुई चोरी के मामले में मोहम्मद रफीक को गिरफ्तार किया है। वह लाखों रुपए नकदी, सोने के जेवर और अन्य सामान चुराकर ले गया था। करीब तीन घंटे बाद जब उषा लौटकर आईं, तो उन्हें फ्लैट के ताले टूटे मिले। इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस ने पहले घर के पास लगे कैमरे चेक किए, लेकिन वे क्षतिग्रस्त थे। इसके बाद आसपास के अन्य कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिनमें आरोपी रफीक एक बैग लेकर जाता हुआ दिखाई दिया। फुटेज के आधार पर पुलिस खजराना तक पहुंची, जहां मुखबिरों से जानकारी मिली कि मोहम्मद रफीक चोरी करता है और उसके खिलाफ पहले भी अपराध दर्ज हैं। रफीक मूल रूप से महाराष्ट्र का रहने वाला है। चोरी करने के बाद वह वहीं भाग गया था। पुलिस टीम उसके पीछे महाराष्ट्र पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से चोरी गए आभूषण भी बरामद किए गए हैं।

## भाजयुमो सदस्य सोशल मीडिया पर पोस्ट में पिस्टल से फायर करते दिखे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) से जुड़े सदस्य का पिस्टल से फायरिंग करता एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। उनके इंस्टाग्राम आईडी पर इसे अपलोड किया गया है। हालांकि उन्होंने इस वीडियो को लेकर खुद भी सफाई दी है और बताया है कि यह वीडियो 4 साल पुराना है जो बिहार में शादी के दौरान बनाया गया था। 5 दिसंबर को ऐसे ही भाजयुमो के नगर अध्यक्ष सौगात मिश्रा की बारात में जमकर हवा फायरिंग करते हुए कानून का माखौल उड़ाया गया था।



बताया जाता है कि पुलिस के 2 नोटिस पर भी युवा मोर्चा अध्यक्ष बयान देने नहीं पहुंचे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल यह वीडियो शौर्य राजपूत नाम के युवक का है। जो खुद को भाजयुमो से जुड़ा बताता है। अपने सोशल मीडिया अंकाउट पर शौर्य ने कई बीजेपी नेताओं के साथ वीडियो भी अपलोड किए हुए हैं। अभी 1 दिसंबर को उनके अंकाउट पर पिस्टल से शादी समारोह में फायर करने का वीडियो अपलोड किया गया है। शौर्य ने सफाई देते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर डाला है। जिसमें वह यह वीडियो 4 साल पुराना बता रहे हैं। जो बिहार के कटियार के एक शादी समारोह का है। 5 दिसंबर की रात भी ऐसा ही मामला सामने आया था। भारतीय जनता युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष सौगात मिश्रा की बारात में शराब माफिया और गैंगस्टर के बेटे ने खुलेआम फायरिंग की थी। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ लेकिन उसे भूल गए। पुलिस का कहना है कि सौगात को नोटिस दिया गया है। वह बयान के लिए नहीं आया। दिखावे के लिए पुलिस गुंडों पर भर भरकर करवाई कर रही है। गुरुवार को ही इंदौर पुलिस ने 14 बदमाशों पर कार्रवाई की है। 5 को जिलाबदर किया गया है। ऐसे में इंदौर पुलिस को सीधे तौर पर बीजेपी से जुड़े सदस्य या नेताओं को बचाने का काम कर रही है।

## वन विभाग को नजर नहीं आया तेंदुआ...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शहर के देवगुराड़िया स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड में बुधवार रात को तेंदुआ नजर आया था। जिसका कोई निशान वन विभाग को नहीं मिला है। विभाग ने तेंदुआ की सर्चिंग के लिए गुरुवार रात राला मंडल की पहाड़ी से ड्रोन को लगभग 2 घंटे से ज्यादा देर तक उड़ाया। रात 2 घंटे से ज्यादा ड्रोन रालामंडल की पहाड़ियों के ऊपर से लेकर डियर सफारी के निचले इलाके में उड़ान भरता रहा, मगर हिरण सहित अन्य वन्यजीवों के अलावा कुछ और नजर नहीं आया।

डीएफओ प्रदीप मिश्रा ने बताया- रालामंडल अभ्यारण की पहाड़ी के पीछे से लेकर देवगुराड़िया पहाड़ी तक के जंगलों में तेंदुए की मौजूदगी आज या कल से नहीं, बल्कि सालों से है। इसलिए हम तेंदुए के मूवमेंट को तो नहीं रोक सकते। डीएफओ प्रदीप मिश्रा ने कहा कि हम कोशिश कर रहे हैं कि अर्ली वार्निंग सिस्टम तैयार किया जाए। इसी की तैयारी के चलते हमारी प्लानिंग है कि हाईटेक ड्रोन से तेंदुए के मूवमेंट पर नजर रखी जाए। इसके लिए रालामंडल की पहाड़ी पर एक कंट्रोल रूम बनाया जाएगा, जो ड्रोन से कनेक्ट रहेगा। ड्रोन तेंदुए के मूवमेंट को अपने कैमरे में कैद करेगा, वैसे ही कंट्रोल रूम में लगे मॉनिटर स्क्रीन पर तेंदुए की लोकेशन नजर आ जाएगी। तत्काल कंट्रोल रूम वन विभाग की रेस्क्यू टीम को उस लोकेशन पर भेजकर वहां के बस्ती वालों को अलर्ट कर देगा। इसी योजना के चलते आज रात 9 से 12 बजे तक ड्रोन से ट्रायल की गई है।

## किसान के साथ कार सौदे में धोखाधड़ी

### ● किश्तें न भरकर कार लेकर फरार युवक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** लसुडिया पुलिस थाने में एक किसान की शिकायत पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ है। किसान जयपाल सिंह तंवर ने बताया कि उन्होंने अपनी 2022 मॉडल की कार MP09WL8264 अर्जुन सिंह को 10 लाख रुपए में बेची थी। सौदे के मुताबिक अर्जुन को 1 लाख रुपए तुरंत देना था और बाकी 9 लाख रुपए की बैंक किस्तें भरनी थीं। जयपाल के अनुसार, मई 2023 में अर्जुन ने कार अपने पास ले ली, लेकिन न तो उसने 1 लाख रुपए दिए और न ही 6 महीने से कोई किश्त भरी। जब जयपाल ने पैसे और किश्तों को लेकर बात की तो आरोपी बार-बार टालता रहा। बाद में उसने फोन उठाना भी बंद कर दिया। पीड़ित ने बताया कि कुछ दिन पहले जब फिर बात की तो आरोपी ने साफ कहा कि ना वह कार वापस देगा और ना ही किश्तें भरेगा। इसके बाद किसान ने लसुडिया थाने में शिकायत की। पुलिस ने अर्जुन सिंह राजपूत के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है और अब उसकी तलाश कर रही है।

### पत्नी का मारपीट में कान कटा

**इंदौर।** राजेंद्र नगर पुलिस ने माया मंसोरे निवासी अर्जुन नगर की शिकायत पर मनोज मंसोरे के खिलाफ मारपीट को लेकर एफआईआर दर्ज की है। माया ने बताया कि वह मेड का काम करती है। पति शराब के नशे में घर आए थे। इस बात का उसने विरोध किया। तब पति ने अपशब्द कहे और हाथ-मुक्कों से मारपीट की। पति ने कान के टॉप्स खींचे, जिससे उसका कान कट गया। पुलिस ने इस मामले में पति पर एफआईआर दर्ज की है।

## संपादकीय

# रणनीतिक मोर्चे पर भारत का बड़ा कदम

चीन की बढ़ती महत्वाकांक्षाओं को देखते हुए भारत ने मलक्का जलडमरूमध्य में बड़ा कदम उठाया है। भारत ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण ग्रेट निकोबार द्वीप पर औपचारिक रूप से दूसरा हवाई अड्डा बनाने का काम शुरू कर दिया है। यह द्वीप भारत का सबसे दक्षिणी इलाका है और मलक्का जलडमरूमध्य के पास स्थिति है। यह जलडमरूमध्य चीन और सुदूर पूर्व के लिए एक बहुत जरूरी समुद्री रास्ता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, भारत का यह नया हवाई अड्डा ग्रेट निकोबार द्वीप के चिंगेन में बनेगा। यह गैलाथिया खाड़ी के पास है। ग्रेट निकोबार अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का हिस्सा है, जो बंगाल की खाड़ी में पड़ता है। यह जगह इंडोनेशिया के सुमात्रा में बांदा एसह से 150 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में है। ग्रेट निकोबार पर पहले से ही एक नौसैनिक हवाई अड्डा, INS Baaz, मौजूद है। यह कैम्पबेल बे में है। यह अड्डा ग्रेट निकोबार और सुमात्रा के बीच के 'सिक्स डिग्री शिपिंग चैनल' पर नजर रखता है। गैलाथिया खाड़ी INS Baaz से कुछ किलोमीटर दक्षिण में है। यह मलक्का जलडमरूमध्य की ओर जाने वाले समुद्री रास्ते के ज्यादा करीब है। रिपोर्ट के अनुसार, हर साल 96,000 से ज्यादा जहाज मलक्का जलडमरूमध्य से गुजरते हैं। यह हर दिन औसतन 260 से ज्यादा जहाजों के बराबर है। दि ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, इस प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत 8,573 करोड़ रुपये है। इसे एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा पूरा किया जा रहा है और इसे एक 'ग्रीनफील्ड' हवाई अड्डे के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसका मतलब है कि यह बिल्कुल नए सिरे से बनाया जा रहा है। हालांकि AAI इस परियोजना की देखरेख कर रहा है, लेकिन यह हवाई अड्डा नौसेना के विमानों, यूएवी (ड्रोन) और भारतीय वायु सेना के लिए भी खुला रहेगा। यह चंडीगढ़, डोना पाउला (गोवा), पुणे, लेह और पोर्ट ब्लेयर के हवाई अड्डों की तरह एक 'डुअल-यूज' वाला होगा। यह हवाई अड्डा गैलाथिया खाड़ी में एक बड़े प्रोजेक्ट का हिस्सा है, जिसका नाम 'इंटरनेशनल कंटेनर ट्रांसशिपमेंट पोर्ट' है। इसे सिंगापुर को टक्कर देने वाले एक लॉजिस्टिक्स हब के रूप में देखा जा रहा है। इस परियोजना से जुड़े कुछ पर्यावरणीय मुद्दे भी थे, लेकिन पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने अगस्त में कहा था कि 'रणनीतिक सुविधा के पारिस्थितिक प्रभाव को कम करने के लिए असाधारण शमन उपाय शामिल किए गए हैं।' यह इलाका बंगाल की खाड़ी और हिंद महासागर का ऐसा क्षेत्र है, जो कि भारत के लिए रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण है।

# भूतिया पेड़



रोनक पुर नाम के एक शहर में राजा रोनकसिंह का राज हुआ करता था। वो हमेशा अपनी प्रजा के हित में कार्य किया करते थे। वहां की प्रजा बहुत खुश रहती थी। एक दिन गिद्ध आकाश में भूतिया पेड़ के बीज लेकर उड़ रहा था। जैसे ही गिद्ध रोनक पुर पहुंचा, तो उसके मुंह से एकदम बीज रोनकपुर के बीचों-बीच गिर गया।

बीज भूतिया था, इसलिए अगले ही दिन वो पौधा बन गया। वहां के स्थानिय निवासियों ने जब पौधे को देखा तो हैरान रह गए, क्योंकि पौधे का रंग काला था। बाद में लोगों ने आपस में चर्चा की और यह समझा कि खेत में उगने वाला कोई घास-पात या वनस्पति होगी। दूसरे दिन वो पौधा काफी बड़ा हो गया। लोगों को और ज्यादा दुविधा हुई कि एक ही दिन में ये पौधा इतना बड़ा कैसे हो गया।

होते-होते वो पौधा तीसरे दिन पेड़ बन गया। समय बिता और लोग भी तेजी से बढ़ने वाले पौधे के बारे में सोच-सोचकर परेशान हो रहे थे। वो इस मामले को राजा के पास लेकर गए। ऐसे जादुई पौधे का पचा चलते ही राजा तुरंत उस जगह पर पहुंच गए। राजा को जैसे ही पता चला कि एक काले रंग का पौधा तीन दिन में पेड़ बना है, तो वो भी उस पेड़ को हैरानी से देखने लगे।

राजा उस पेड़ के पास चौथे दिन पहुंचे थे और तब तक पेड़ और बड़ा हो चुका था। वो इतनी तेजी से फैला था कि किसी को यकीन ही नहीं हो रहा था। राजा समझ गए थे कि का रंग काला है, इसमें जरूर कुछ जादू-टोना होगा। इसी सोच के साथ राजा ने घोषणा कर दी कि जो भी इस पेड़ को खत्म करेगा, उसे वो ईनाम के तौर पर एक हजार सोने के सिक्के देंगे। यही नहीं, राजा ने यहां तक कहा कि पेड़ को खत्म करने वाला व्यक्ति मेरी मृत्यु के बाद मेरी राजगद्दी पाने का हकदार भी बनेगा।

इतनी बड़ी घोषणा सुनने के बाद हर कोई पेड़ खत्म करने के लिए अपना दिमाग लगाने लगा। राजा के सारे चतुर मंत्रियों ने भी तरकीब लगाई, लेकिन पेड़ को कोई भी नष्ट नहीं कर पाया। किसी ने पेड़ के आसपास आग लगवाई तो एक मंत्री ने उस भूतिया पेड़ को हाथियों तक से खिंचवाया, लेकिन पेड़ को कुछ भी न हुआ।

अब लोगों के मन में डर बैठ गया और उन्हें लगा कि पक्का यह ऐसा वैसा नहीं, बल्कि भूतिया पेड़ है। तभी उस गांव के एक समझदार व्यक्ति को राजा की घोषणा का पता लगा। जानकारी मिलते ही वह अपने गुरु के पास भूतिया पेड़ से जुड़े रहस्य को जानने के लिए पहुंच गया।

गुरु जी ने अपनी ध्यान की शक्ति को एकत्र करके देखा और उससे पूछा, "क्या तुम पेड़ को खत्म करना चाहते हो?"

समझदार व्यक्ति ने जवाब दिया, "हां, गुरु जी। सब उससे परेशान हैं।"

गुरु जी ने बताया कि उसे खत्म करने का एक ही तरीका है। इसके लिए तुम्हें उस पेड़ के आसपास नमक डालना होगा।

इस तरकीब के बारे में जानते ही वो व्यक्ति तेजी से राजा के पास गया और कहा कि इस पेड़ के आसपास आपको नमक डलवाना होगा। ऐसा करने पर ही यह पेड़ खत्म होगा। राजा ने अपने सैनिकों को ठीक ऐसा ही करने को कहा। सैनिकों ने मिलकर पेड़ के चारों ओर खूब सारा नमक डाल दिया।

नमक डालने के एक दिन बाद ही पेड़ का आकार कुछ कम हुआ। होते-होते पांचवें दिन तक पेड़ एकदम छोटा हो गया। उसके बाद गलकर वो गायब ही हो गया। उस व्यक्ति की तरकीब काम कर गई और राजा ने खुश होकर उसे ईनाम की एक हजार सोने की मोहर पहले दी। उसके बाद एक पत्र दिया, जिसमें लिखा था कि वो राजा के मरने के बाद उनकी गद्दी को संभालेगा। वो समझदार व्यक्ति खुश होकर अपने घर चला गया।

### कहानी से सीख

ऐसी कोई मुसीबत नहीं होती, जिसका समाधान न किया जा सके, जरूरत है तो बस धैर्य और समझदारी की।

## रंग भरो



New Delhi

# 600 परिवारों पर बेदखली का खतरा, सुप्रीम कोर्ट पहुंचा वक्फ बोर्ड, हाईकोर्ट के आदेश पर लगी रोक

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को केरल के एर्नाकुलम जिले की मुनंबम भूमि को वक्फ संपत्ति न मानने संबंधी केरल हाईकोर्ट की टिप्पणी पर अंतरिम रोक लगा दी। न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने इस मामले में अगली सुनवाई तक भूमि की यथास्थिति बनाए रखने का भी आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 27 जनवरी, 2026 को होगी। हालांकि, शीर्ष अदालत ने यह स्पष्ट किया कि केरल सरकार द्वारा गठित जस्टिस सी.एन. रामचंद्रन नायर जांच आयोग के कामकाज पर कोई रोक नहीं लगाई गई है और आयोग अपनी जांच जारी रख



सकता है। पीठ ने अपने आदेश में कहा- नोटिस जारी किया जाए, छह हफ्ते में जवाब दाखिल हो। मामले को 27 जनवरी 2026 को सूचीबद्ध किया जाए। तब तक हाईकोर्ट के उस आदेश की घोषणा कि विवादित संपत्ति वक्फ नहीं है, स्थगित रहेगी और यथास्थिति बनाए रखी जाए। यह स्पष्ट किया जाता है कि हमने जांच आयोग के काम पर कोई रोक नहीं लगाई है।

अदालत ने यह अंतरिम आदेश केरल वक्फ संरक्षण वेदी की विशेष अनुमति याचिका (SLP) पर पारित किया। याचिका में केरल हाईकोर्ट की उस डिवीजन बेंच के फैसले को चुनौती दी गई थी, जिसने राज्य सरकार द्वारा गठित जांच आयोग को वैध ठहराया था और साथ ही यह टिप्पणी की थी कि मुनंबम की जमीन वक्फ संपत्ति नहीं है।

Chhattisgarh

# 'हां, बहू को मैंने मारा है, लाश सेप्टिक टैंक में है', लव मैरिज से नाराज ससुर ने थाने में उगला सच



**कवर्धा, (एजेंसी) छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है, जिसने पूरे क्षेत्र को सकते में डाल दिया है. लोहारा थाना क्षेत्र के बांधा टोला गांव में एक ससुर ने प्रेम विवाह की दुश्मनी में अपनी ही बहू की निर्मम हत्या कर दी. इसके बाद आरोपी ने सबूत मिटाने के लिए बहू के शव को घर के सेप्टिक टैंक में डाल दिया और पूरे मामले को छिपाने की कोशिश करता रहा.**

जानकारी के अनुसार, मृतका कई दिनों से घर पर दिखाई नहीं दे रही थी. उसका पति चिंतित होकर थाने पहुंचा और पत्नी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई. पुलिस लगातार खोजबीन में लगी रही, लेकिन लगभग एक महीने तक कोई ठोस सुराग नहीं मिला. इस बीच गांव में भी तरह-तरह की चर्चाएं फैलने लगीं, लेकिन किसी को शक नहीं था कि इतना बड़ा राज उसी घर में दफन होगा.

घटना ने तब खौफनाक मोड़ लिया जब आरोपी ससुर जहल पटेल अचानक थाने पहुंचा और पुलिस के सामने पूरी वारदात कबूल कर ली. उसने बताया कि बहू का उसके बेटे से प्रेम विवाह उसे पसंद नहीं था क्योंकि लड़की दूसरे समाज की थी. इसी नफरत में उसने बहू की हत्या कर दी और शव को घर के सेप्टिक टैंक में फेंक दिया, ताकि किसी को शक न हो.

New Delhi

# हिमंत बोले-₹1 लाख भी दूं तो मुस्लिम वोट नहीं देंगे

**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गुरुवार कहा है कि असम में वोट योजनाओं या पैसों से नहीं, बल्कि विचारधारा और सोच से तय होते हैं। उन्होंने कहा- 'चाहे वे 10 हजार रुपए दें या 1 लाख, मुस्लिम वोटर उन्हें वोट नहीं देंगे।' सरमा दिल्ली में एक निजी मीडिया संस्थान के कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उनसे पूछा गया था कि क्या उनके पास बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तरह कोई योजना है, जिसमें महिलाओं को सीधे पैसे दिए जाते हैं, जैसे महिला रोजगार योजना में 21 लाख महिलाओं को 10,000 रुपए मिलते हैं। सरमा ने उदाहरण देते हुए कहा- एक मुस्लिम वोटर ने मेरे काम की तारीफ की। जिन्हें हम मियां मुसलमान कहते हैं। उसने कहा कि जरूरत पड़ी तो किडनी भी दे देगा, लेकिन वोट नहीं देगा। असम में अवैध आबादी बढ़ रही है और मुस्लिम लोग बढ़ रहे हैं, जो राज्य के लिए समस्या है। 2021 में मुस्लिम आबादी 38% थी और 2027 में यह 40% तक पहुंच सकती है।

Uttarpradesh

# दिनदहाड़े गोली मारकर मौलाना की हत्या, पिता-पुत्र ने कनपटी पर सटाया तमंचा...

**रायबरेली।** यूपी के रायबरेली में बेटी को ससुराल से लेकर घर लौट रहे मौलाना मुर्तजा (45) की शुक्रवार दोपहर बाद गोली मारकर हत्या कर दी गई। एक के बाद दो गोली मौलाना के कनपटी पर मारी गईं। बेटी और बेटे ने भागकर जान बचाई, वरना हमलावर उनकी भी हत्या कर देते। दिनदहाड़े हुई वारदात से इलाके में दहशत फैल गई।

पिता-पुत्र ने चार साथियों के साथ मिलकर रंजिश में वारदात को अंजाम दिया। पुलिस अफसरों ने फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचकर सबूत जुटाए। हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगाई गई हैं। मृतक के चचेरे भाई की तहरीर पर पिता-पुत्र समेत छह हत्यारोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

नसीराबाद थाना क्षेत्र के उत्तरी पाठक मजरे



बिरनावां गांव निवासी मौलाना मुर्तजा पुत्र मुस्तफा पूरे जालिम गांव स्थित मदरसा में शिक्षक थे। शुक्रवार को वह अपने बेटे मो. सोफियान के साथ बड़ी बेटी इशरतजहां की ससुराल सरदार का पुरवा मजरे रोखा गांव आए थे। दोपहर बाद शाम करीब 3 बजे बाइक से बेटी इशरतजहां को लेकर घर जा रहे थे। बेटा सोफियान दूसरी बाइक से उनके पीछे था।

खेल

# स्क्वाश विश्व कप में भारत का शानदार प्रदर्शन, द. अफ्रीका को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई

**चेन्नई, (एजेंसी) भारत ने स्क्वाश विश्व कप में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। अनुभवी जोशना चिनप्पा, उभरती स्टार अनाहत सिंह और दुनिया के 29वें नंबर के खिलाड़ी अभय सिंह ने क्वार्टर फाइनल में जबरदस्त प्रदर्शन किया। अब भारत का मुकाबला मौजूदा चैंपियन मिस्र से होगा।**

जोशना ने पहले महिला एकल में टीगन रसेल को महज 13 मिनट में 3-0 (7-4, 7-4, 7-2) से हराकर भारत को अच्छी शुरुआत दी। अभय ने डेवाल्ड वैन नीकर्क पर 3-0 (7-1, 7-6, 7-1) से जीत हासिल करके बढ़त दोगुनी कर दी। टूर्नामेंट की सबसे कम उम्र की प्रतिस्पर्धी अनाहत ने हेली वार्ड के खिलाफ 3-0 (7-3, 7-3, 7-4) की आसान जीत के



साथ भारत की सेमीफाइनल में जगह पक्की कर दी।

इससे पहले शीर्ष वरीय मिस्र ने ऑस्ट्रेलिया को 3-0 से हराकर आसानी से सेमीफाइनल में जगह बना ली थी। भारत ने अपने पूल गेम में स्विट्जरलैंड और ब्राजील को हराया था। विश्व कप में भारत का अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन 2023 में रहा था जिसमें टीम ने कांस्य पदक जीता था।

सिनेमा

# 'अप्सरा' से कम नहीं लगीं हार्दिक पंड्या की Ex वाइफ, देखकर रुकीं फैन्स की धड़कनें



एक्टर-मॉडल नताशा स्टेनकोविक की शादी हार्दिक पंड्या से हुई थी. पर शादी के कुछ साल बाद ही दोनों ने अपने रास्ते अलग कर लिए. तलाक के बाद नताशा बेटे अगस्त्य के साथ खुश हैं. इंडस्ट्री में भी नताशा पहले से काफी ज्यादा एक्टिव नजर आने लगी हैं. सोशल मीडिया पर भी नताशा अक्सर ही अपनी तस्वीरें फैन्स के साथ शेयर करती नजर आती हैं. इस बार नताशा ने डिजाइनर अबूजानी संदीप खोसला के आउटफिट में फोटोशूट करवाया है. एक्ट्रेस ने गोल्डन ब्रालेट पहना है. इसके साथ सिल्क लॉन्ग फ्लोर टच स्कर्ट कैरी की है. ऊपर से फिशकट मिरर वर्क केप लिया हुआ है. बड़े और छोटे मिरर के चारो ओर मस्टर्ड एम्ब्रॉयडी हुई है. नीलेन्थ इस केप को नताशा ने बेहद ही खूबसूरती के साथ कैरी किया हुआ है. साथ में एक और मॉडल है, जिसने ब्लैक शर्ट और पैंट्स के साथ लॉन्ग कोट कैरी किया है. नेक पर व्हाइट हैंडवुमन एम्ब्रॉडरी हो रखी है. फैन्स का पूछना है कि नताशा का क्या ये नया दोस्त है? हालांकि, ज्यादातर फैन्स की नजरें नताशा की खूबसूरती पर आ टिकी हैं.

## Highlights

1. **Indian Railways reports record safety, accidents drop low**
2. **Judge recuses from IndiGo's ₹900 cr case as her son is IndiGo pilot**
3. **Over 50 ex-judges slam MPs move to remove Madras High Court judge**
4. **What are consequences for person found using e-cigarette in India?**
5. **India expresses concern over reports of damage to Hindu temple in Cambodia**

# SBI reduces lending rates by up to 25 bps to pass on RBI rate cut benefits

**NEW DELHI, (Agency).** State Bank of India has reduced its lending rate by up to 25 basis points to pass on to customers the benefit of the RBI repo rate cut announced last week. That makes loans cheaper for new and existing borrowers.

SBI's external benchmark-linked lending rate now stands at 7.90% as against 8.15% earlier—a downward revision of 25 bps. The marginal cost of funds-based lending rate has been reduced by 5 bps across tenors to 8.70%. The one-year maturity rate has been cut 5 bps to 8.75%. The base rate is down 10 bps at 9.9%.

SBI has also decided to cut the fixed deposit rate by 5 bps for maturity period of two years to less than three years to 6.40%.

### The new SBI lending rates are:

SBI EBLR: 7.90%, down 25 bps
SBI MCLR: 8.70%, down 5 bps
One-year maturity: 8.75%, down 5 bps




SBI base rate: 9.90%, down 10 bps, SBI FD rates: 6.40%, down 5 bps

The revisions comes into effect on Monday, 15 December 2025. One basis point is one-hundredth of a percentage point.

### RBI Repo Rate Revision

On 5 December 2025, the RBI delivered its fourth rate cut of 2025 to reduce the benchmark repo rate to 5.25%. "Despite an unfavourable and challenging external environment, the Indian economy has shown remarkable resilience," RBI Governor Sanjay Malhotra had said in his televised monetary policy speech. "The headroom provided by the inflation outlook has allowed us to remain growth supportive."

### Other SBI Lending Rates

The interest rate on tenor scheme of '444 days' has been revised from 6.60% to 6.45% with effect from 15 December. The MCLR for a period of three months to three years has been reduced by 5 basis points.

# Inside ABD's plan to build a luxury alcobev house for India's rapidly premiumising customer

**NEW DELHI, (Agency).** In March 2025, Allied Blenders & Distillers, the largest Indian-owned alcobev firm, moved its premium brands to a new luxury subsidiary, ABD Maestro. It invested ₹70 crore for an 80 percent stake, with actor Ranveer Singh owning the balance.


Maestro's portfolio includes owned brands such as Zoya gin and Arthaus whisky; acquired labels Woodburns whisky, Segredo Aldeia rum and Pumori gin; and international partners such as Russian Standard vodka. Over the last fortnight, it has launched Rangeela vodka, and Yello whisky, made from a blend of Scottish malts and Indian malt whiskies. With Maestro, ABD is targeting a meaningful



share of the Indian luxury spirits market, roughly 12 million cases a year. "We're building Maestro as a startup inside a mass-market giant," says Bikram Basu, its managing director. In this interview, Basu talks about portfolio strategy, market focus, and where he sees the next phase of premium alcobev growth.

ABD is the first large Indian spirits company to formally carve out a separate premium-and-luxury subsidiary. Why did Maestro need to sit outside the mothership?

Two reasons. One is focus. The other is culture and operating rhythm. In a large mass-market company, the last seven days of the month are dominated by sales and production pressure. Whatever you say about "quality" and "long-term", the reality is that the machine has to move. Premium and luxury need a different way of working: longer lead times, different packaging skills, slower line speeds. The front end is also different. Going to 15 general-trade shops a day is not the same as working with hotel chains, fine-dining bars or high-energy clubs.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक